एनआईसी National Informatics Centre

सत्यमेव जयते

**भारत सरकार**

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश, शिमला**

# श्री विमल कुमार शर्मा, वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.) एवं श्री संजीव कुमार, उप निदेशक (आई.टी.) को उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह

---

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश द्वारा 30 अप्रैल, 2025 श्री विमल कुमार शर्मा, वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.) एवं श्री संजीव कुमार उप निदेशक (आई.टी.) के लिए एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही आयोजन के दौरान उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया गया।




**श्री विमल कुमार शर्मा एवं श्री संजीव कुमार के विदाई समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र के समस्त अधिकारी**

श्री विमल कुमार शर्मा एवं श्री संजीव कुमार ने 24 सितम्बर 1990 को एक साथ राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र में शामिल हुए और अपने जीवन के लगभग 34.5 वर्ष राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र की सेवा में समर्पित किए।

विदाई समारोह के दौरान राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, हिमाचल प्रदेश एवं अन्य सभी राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के अधिकारियों ने दोनों अधिकारियों की सेवा के दौरान उनके प्रयासों, ईमानदारी और मार्गदर्शन की सराहना की। इस दौरान राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र हिमाचल प्रदेश के

समस्त अधिकारियों द्वारा बारी-बारी से श्री विमल एवं श्री संजीव के साथ अपने-अपने अनुभवों को साझा किया, जिन सभी के उत्तर में श्री विमल एवं श्री संजीव ने भी संबंधित सभी अधिकारियों के साथ अपने कार्य संबंधी एवं निजी अनुभवों को साझा किया। सभी ने सेवानिवृत्ति पश्चात् श्री विमल एवं श्री संजीव के सुखी और स्वस्थ जीवन की नई पारी की शुरुआत के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान श्री विमल कुमार शर्मा के साथ उनकी पत्नी, बेटी एवं दामाद उपस्थित रहे एवं श्री संजीव कुमार के साथ उनकी पत्नी, दोनों बेटियां एवं भतीजा उनके साथ कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे, उनके परिवारजनों ने भी अपने अनुभवों को साझा किया।

इसके साथ ही श्री विमल एवं श्री संजीव ने राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, हिमाचल प्रदेश एवं राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के समस्त अधिकारियों का उनके सहयोग समन्वयता एवं मार्गदर्शन के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया।




वीडियो सम्मेलन के माध्यम से शामिल हुए हिमाचल प्रदेश के जिला एवं क्षेत्रीय अधिकारी




श्री अजय सिंह चैहल, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, हि.प्र. श्री विमल एवं श्री संजीव के बारे में अपने अनुभव साझा करते हुए





**श्री विमल कुमार शर्मा एवं श्री संजीव कुमार राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र में अपने अनुभव साझा करते हुए**





**श्री विमल एवं श्री संजीव के परिवारजन श्री विमल एवं श्री संजीव की राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र में यात्रा के लिए सभी को धन्यवाद व्यक्त करते हुए**

समस्त जिला और अन्य संबद्ध कार्यालयों के समस्त अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र के सभी अधिकारी वीडियो सम्मेलन के माध्यम से शामिल हुए और उन्हें उनकी सेवानिवृत्ति के लिए बधाई दी और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।
श्री विमल एवं श्री संजीव ने राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र परिवार के सभी सदस्यों को सेवा के दौरान उनके सहयोग और निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस अवसर को यादगार बनाने के लिए सभी की उपस्थिति की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान अनुभाग अधिकारी द्वारा उन्हें सेवानिवृत्ति संबंधी दस्तावेज भी दिए गए जिसमें उनकी पीपीओ बुकलेट एवं पेंशन आईकार्ड शामिल था। श्री विमल एवं श्री संजीव को राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र की ओर से हिमाचली शॉल, टोपी एवं हार पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही दोनों अधिकारियों के परिवारजन को भी शॉल देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही दोनों अधिकारियों

को ब्रीफकेश, मोमेंटो (जिसमें उनकी सेवा रिकॉर्ड आदि का वर्णन है), सारेगामा कारवां तथा दीर्घायु, स्थिरता, और धन-समृद्धि का प्रतीक कछुआ भी भेंट स्वरूप दिया गया।

विदाई समारोह के पश्चात् श्री विमल एवं श्री संजीव एवं उन दोनों के परिवारजनों तथा समस्त अधिकारियों ने राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश की ओर से आयोजित भोजन समारोह (लंच) का आनंद लिया। जिसके बाद श्री विमल एवं श्री संजीव एवं उन दोनों के परिवारजनों ने राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश का विदाई समारोह एवं भोजन समारोह के लिए धन्यवाद दिया।

## कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ












**श्री अजय सिंह चैहल, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी श्री विमल एवं श्री संजीव को उनकी सेवानिवृत्ति पर सम्मानित करते हुए**




श्री ललित कपूर श्री संजीव कुमार को हिमाचली टोपी भेंट करते हुए




श्री संदीप सूद श्री संजीव कुमार को हिमाचली शॉल पहनाकर सम्मानित करते हुए




**श्री संजय शर्मा श्री संजीव कुमार को रा.सू.वि.के. हि.प्र की तरफ से भेंट देते हुए**




**श्री विजय कुमार गुप्ता श्री विमल कुमार शर्मा को हिमाचली टोपी पहनाकर सम्मानित करते हुए**




श्री विनोद कुमार गर्ग श्री विमल कुमार को रा.सू.वि.के. हि.प्र की तरफ से भेंट देते हुए




श्री पंकज गुप्ता श्री विमल कुमार को हिमाचली शॉल पहनाकर सम्मानित करते हुए




श्री शैलेन्द्र कौशल श्री संजीव कुमार को सम्मानित करते हुए




श्री शैलेन्द्र कौशल श्री विमल कुमार शर्मा को सम्मानित करते हुए







श्री राजेश यदुभूषणम स्वानिवृत्त हुए अधिकारियों को स्वानिवृत्ति संबंधी दस्तावेज(पीपीओ बुकलेट एवं पेंशन आईकार्ड) देते हुए






श्री विमल एवं श्री संजीव की परिवारजनों को हिमाचली शॉल से देकर सम्मानित करतीं हुयीं श्रीमती वंदना देवी







श्री राजेश यदुभूषणम, अनुभाग अधिकारी प्रशासनिक अनुभाग की ओर से श्री विमल एवं श्री संजीव को भेंट देते हुए




**श्री विमल एवं श्री संजीव के साथ राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के समस्त अधिकारियों की ग्रुप फोटो**

**<u>भोजन समारोह (लंच) की कुछ झलकियाँ:</u>**






NO
SMOKING


NO
SMOKING